# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**

**Ref:....................** **Date:..........................**


## PRINT MEDIA COVERAGE ON B.R.A.BIHAR UNIVERSITY NEWS COMPILED BY MEDIA CELL (12.06.2025)

## DAINIK JAGRAN, MUZAFFARPUR, DATE: 12.06.2025, PAGE-04

# स्नातक में नामांकन के लिए 17 जून तक आनलाइन आवेदन

**विश्वविद्यालय प्रशासन ने बढ़ाई तिथि, 20 जून तक जारी होगी मेरिट लिस्ट, इसके आधार पर कालेजों में होगा नामांकन**



जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर : बिहार विश्वविद्यालय ने स्नातक सत्र 2025-29 में आवेदन के लिए एक बार फिर समय बढ़ा दिया है। अब 17 जून तक आनलाइन आवेदन के लिए पोर्टल खुला रहेगा। 20 जून के मेरिट लिस्ट जारी होगी। इसके आधार पर कालेजों में नामांकन होगा। जुलाई तक नामांकन प्रक्रिया पूरी होने की संभावना है। कालेजों में गर्मी की छुट्टी होने से एडमिशन शेड्यूल लगातार बदल रहा है। इस सत्र में पिछले सत्र की तुलना में कम आवेदन आए हैं। विश्वविद्यालय ने पहले जून में एडमिशन प्रक्रिया पूरी करने का लक्ष्य रखा था। इसको लेकर 30 मई तक आवेदन का समय दिया। 10 जून तक आवेदन की तिथि बढ़ाई गई थी। अब एक बार फिर 17 जून तक आवेदन की तिथि बढ़ाई गई है। हालांकि 11 जून को छुट्टी होने से विश्वविद्यालय की ओर से कोई आधिकारिक सूचना जारी नहीं की जा सकी। बताया गया कि मंगलवार को ही प्रस्ताव बनाकर अनुमति के लिए कुलपति के यहां भेजा गया है। अब 17 जून को रात 11.59 बजे तक विद्यार्थी आनलाइन आवेदन कर सकते हैं। विश्वविद्यालय के सवा सौ से अधिक अंगीभूत व संबद्ध कालेजों में कला, साइंस और कामर्स की तीन लाख से अधिक सीटें हैं। हालांकि दर्जनभर से अधिक कालेजों में इस बार 10 से 20 प्रतिशत तक सीट घट जाएंगी।

## पैट के लिए आनलाइन आवेदन का अंतिम दिन आज

जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर : बीआरए बिहार विश्वविद्यालय में पीएचडी नामांकन टेस्ट (पैट) 2023 व 2024 के लिए गुरुवार तक आनलाइन आवेदन होगा। विश्वविद्यालय की ओर से दो सत्र के पीएचडी नामांकन की प्रक्रिया एक साथ पूरी की जा रही है। पैट 2023 के लिए पिछले साल भी आवेदन लिया गया था। दोनों सत्र की प्रक्रिया एक साथ शुरू करते हुए विश्वविद्यालय ने पैट 2023 में आवेदन के लिए भी पोर्टल खोला है। वहीं किसी एक सत्र के लिए ही आवेदन की सुविधा दी गई है। आवेदन की प्रक्रिया पूरी करने के बाद परीक्षा की तैयारी शुरू होगी। उधर, अब तक विषयवार रिक्ति की जानकारी नहीं होने से छात्र परेशान हैं। विश्वविद्यालय की ओर से पहले कहा गया था कि जिन विषयों में सीट खाली होगी, उसमें आवेदन लिया जाएगा। रिक्ति फाइनल नहीं होने से पोर्टल पर सभी विषयों का विकल्प मिल रहा है। ऐसे में आवेदन देने के बाद भी कई विद्यार्थी परीक्षा में शामिल नहीं हो पाएंगे।

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**

**Ref:....................** **Date:..........................**

# PRABHAT KHABAR, MUZAFFARPUR
## DATE: 12.06.2025, PAGE-04

### विवि. कम संख्या में आवेदन आने के बाद प्रशासन ने बढ़ा दी तिथि

# स्नातक में दाखिले के लिए अब 17 तक आवेदन कर सकेंगे छात्र

### जुलाई की शुरुआत में कक्षाएं चलना है मुश्किल, नामांकन में देरी

वरीय संवाददाता, मुजफ्फरपुर

बीआरएबीयू ने स्नातक सत्र 2025-29 में दाखिले के लिए आवेदन की तिथि बढ़ा दी है. अब 17 जून तक दाखिले के लिए पोर्टल खुला रहेगा. 20 के बाद नामांकन के लिए पहली मेधा सूची जारी की जायेगी. इसके बाद नामांकन की प्रक्रिया शुरू होगी. पिछले सत्र में विश्वविद्यालय के विभिन्न कॉलेजों में 1.60 लाख से अधिक छात्र-छात्राओं का नामांकन हुआ था. इस वर्ष अबतक 1.55 लाख विद्यार्थियों ने ही आवेदन किया है. ऐसे में कम आवेदन को देखते हुए एक बार फिर से तिथि एक सप्ताह आगे बढ़ायी गयी है. पूर्व में दो बार तिथि विस्तारित की जा चुकी है. बता दें कि अप्रैल से स्नातक में दाखिले के लिए आवेदन लिया जा रहा है. करीब दो महीने तक आवेदन लेने के बाद भी कम नामांकन प्राप्त हुआ है. विवि की ओर से कहा गया था कि जून के अंत तक नामांकन लेकर जुलाई के पहले सप्ताह से कॉलेजों में नये सत्र की कक्षाएं शुरू कर दी जाएंगी, लेकिन जून के अंत तक पहली सूची से ही नामांकन लिया जायेगा. इसके बाद दो बार और मेधा सूची जारी होगी.

**तीन लाख से अधिक सीटें, इतिहास में सबसे अधिक आवेदन** :विवि के 140 कॉलेजों में स्नातक में नामांकन के लिए तीन लाख से अधिक सीटें निर्धारित हैं. इसपर दाखिले के लिए 1.55 लाख आवेदन प्राप्त हुआ है. इसमें से इतिहास के विद्यार्थियों की संख्या एक तिहाई से अधिक है. मनोविज्ञान, हिंदी, भूगोल, अंग्रेजी, गणित, जूलॉजी समेत आधा दर्जन विषयों में आवेदकों की संख्या सबसे अधिक है. जबकि आधा दर्जन विषय ऐसे हैं जिनमें नामांकन के लिए काफी कम विद्यार्थियों की रूचि दिख रही है.

## पीएचडी : दो सत्रों के लिए आज आवेदन की अंतिम तिथि

वरीय संवाददाता, मुजफ्फरपुर

- अगले महीने प्रस्तावित है प्रवेश परीक्षा, आवेदन की संख्या के आधार पर होगा केंद्रों का निर्धारण

बीआरएबीयू में पीएचडी के दो सत्रों के लिए ऑनलाइन आवेदन की गुरुवार को आखिरी तिथि है. अभ्यर्थियों से कहा है कि अंतिम घंटे के लिए इंतजार करने की जगह पहले ही आवेदन की प्रक्रिया पूर्ण कर लें. विवि की ओर से पैट- 2023 और पैट-2024 के लिए एक साथ आवेदन लिया जा रहा है. आवेदन की कुल संख्या के आधार पर ही कितने केंद्रों पर प्रवेश परीक्षा ली जायेगी, इसका निर्धारण किया जायेगा. सत्र 2023 के लिए 2024 से ही आवेदन की प्रक्रिया चल रही है. सत्र नियमित करने को लेकर एक साथ दो सत्रों की प्रवेश परीक्षा आयोजित करने का निर्णय लिया गया है.

**रिक्ति के लिए प्रतीक्षा करते रह गए अभ्यर्थी** : विवि से कहा गया था कि कई विषयों में रिक्ति काफी कम है. ऐसे में जिन विषयों में सीटें उपलब्ध होंगी. उन्हीं विषयों के लिए प्रवेश परीक्षा होगी. इसके लिए सीटों की स्थिति वेबसाइट पर अपडेट करने की बात कही गयी थी, लेकिन तिथि समाप्ति तक विवि ने सीटों की संख्या जारी ही नहीं की. ऐसे में दुविधा में बड़ी संख्या में अभ्यर्थियों ने आवेदन दिया है. उनका कहना है कि संबंधित विषय में यदि सीट रिक्त नहीं हुई तो उनकी फीस भी बेकार चली जायेगी.

- वेबसाइट पर इस खबर को पढ़ने के लिए स्कैन करें.